तापमान

अधिकतम 21.2 डिग्री

न्यूनतम 10.2 डिग्री

हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 3 जनवरी 2026

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

4

लापरवाही पर शो-काज नोटिस जारी करने के दिए निर्देश



## खबर संक्षेप

### प्राकृतिक आपदा 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। कुनकुरी तहसील अंतर्गत ग्राम कुडूकेला निवासी स्व अन्तोनिस कुजूर का आकाशीय बिजली से 14 जुलाई 2025 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी जुलिया हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### अग्निवीर भर्ती शारीरिक दक्षता परीक्षण धमतरी में

**जशपुरनगर।** अग्निवीर थल सेना भर्ती के अंतर्गत शारीरिक दक्षता परीक्षण परीक्षा का आयोजन 10 जनवरी से 24 जनवरी तक इंडोर स्टेडियम धमतरी में किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि, जशपुर जिले के चयनित अभ्यर्थियों को उक्त शारीरिक दक्षता परीक्षण परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु जिला प्रशासन द्वारा वाहन की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। अर्थात सभी चयनित अभ्यर्थी 5 जनवरी 2026 तक जिला रोजगार कार्यालय, जशपुर में अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9827547848 पर संपर्क किया जा सकता है।

### नियमों के उल्लंघन पर एमवी एक्ट के तहत होगी कार्रवाई

**बलरामपुर।** जिले में सड़क सुरक्षा माह के तहत परिवहन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु परिवहन विभाग द्वारा आम नागरिकों के लिए सूचना जारी की गई है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि बिना वैध फिटनेस प्रमाण पत्र, बीमा, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र, परमिट, पंजीयन क्रमांक प्लेट अथवा बिना पंजीयन के किसी भी प्रकार के वाहन का उपयोग न करें। ऐसे वाहनों का उपयोग करते पाए जाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की जाएगी। वहीं अन्य राज्यों से आए वे वाहन जो छत्तीसगढ़ राज्य का मोटरयान कर अदा किए बिना जिले में चलित हैं तो उनसे छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान अधिनियम एवं नियम, 1991 के अंतर्गत मोटर वाहन कर वसूला जाएगा। वाहन स्वामियों से अनुरोध किया गया है कि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए समय रहते छत्तीसगढ़ राज्य का मोटर वाहन कर अवश्य रूप से जमा करें।यदि कोई वाहन अन्य राज्य में पंजीकृत है, लेकिन वाहन स्वामी छत्तीसगढ़ का निवासी है तथा वाहन के पंजीयन प्रमाण पत्र में स्थायी पता छत्तीसगढ़ दर्ज है, तो यह माना जाएगा कि वाहन का उपयोग छत्तीसगढ़ राज्य में ही किया जा रहा है बिना छत्तीसगढ़ के टैक्स पटाए तो ऐसी स्थिति मे टैक्स जमा नहीं होने पर पंजीयन तिथि से वाहन पकड़े जाने की तिथि तक का मोटरयान कर वसूला जाएगा। अन्य राज्यों में पंजीकृत वाहनों के लिए या तो छत्तीसगढ़ राज्य का मोटरयान कर अदा करें, अथवा संबंधित राज्य से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य में वाहन का पंजीयन कराएं।

### ग्रामीण पर टांगी से जानलेवा हमला, गंभीर

**अम्बिकापुर।** कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम जिगनिया निवासी मुरारी 30 दिसंबर को अपने घर के समीप खुटा गाड़ रहा था। इसी दौरान गांव के ही जनार्दन आ. स्व. अमीन ( 45 वर्ष) आया और पूर्व में हुए विवाद की बात को लेकर खूंटा गाड़ने से मना किया जिससे दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। इसी बीच जनार्दन ने अपने पास रखे टांगी से उसके सिर पर जानलेवा हमला फरार हो गया। घटना को देख बेटी ने चाचा पुष्पराज को जाकर बताई। भाई ने तत्काल मौके पर पहुंच गंभीर पड़े भाई को बाइक से कुसमी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां घायल का उपचार जारी है। घटना की रिपोर्ट पुष्पराज ने कुसमी थाने में दर्ज कराई।

# जिले में 5 करोड़ 22 लाख की लागत से बनेंगे 18 महतारी सदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले की ग्रामीण महिलाएं आज आत्मनिर्भरता की सशक्त मिसाल बनकर उभर रही हैं। कभी सीमित संसाधनों में जीवन यापन करने वाली महिलाएं अब आर्थिक, सामाजिक और सामुदायिक रूप से मजबूत होकर अपने परिवार और समाज में निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। इसके पीछे महतारी वंदन योजना, महतारी सदन और ई-रिक्शा वितरण जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का बड़ा योगदान है।जिले की दो लाख से अधिक महिलाओं के खातों में महतारी वंदन योजना के तहत अब तक 448 करोड़ रुपए की राशि सीधे हस्तांतरित की जा चुकी है। इस आर्थिक सहयोग से महिलाओं को न केवल आय का संबल मिला है, बल्कि उनके आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कई महिलाएं स्वरोजगार से जुड़कर परिवार की आय बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

**ग्रामीण महिलाओं के लिए सशक्तिकरण का बनेंगे केंद्र**

**साय सरकार की योजनाओं से बदली जशपुर की महिलाओं की पहचान**




### ग्रामीण समाज में महिला सशक्तिकरण की नई कहानी

महतारी सदन और ई-रिक्शा जैसी योजनाएं मिलकर जशपुर जिले में महिला सशक्तिकरण की नई कहानी लिख रही हैं। महिलाएं आज आर्थिक रूप से सक्षम, सामाजिक रूप से सम्मानित और आत्मनिर्भर बनकर उभर रही हैं। साय सरकार की ये पहलें न केवल वर्तमान, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणास्रोत सिद्ध हो रही हैं।

### महिलाओं की जुबानीकृबदली जिंदगी की कहानी

कुर्राग की सावित्री भगत बताती हैं कि, पहले प्रशिक्षण के लिए दूर जाना पड़ता था, लेकिन अब गांव में ही सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सोनक्यारी की रजनी पैंकरा ने बताया कि, महतारी सदन महिलाओं के लिए सिर्फ भवन नहीं, बल्कि सशक्तिकरण की नींव है।

### ई-रिक्शा वितरण से महिलाओं को मिला नया आत्मसम्मान

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रक्षाबंधन के अवसर पर 12 स्व-सहायता समूहों की दीदियों को ई-रिक्शा प्रदान किए। आज ये महिलाएं ई-रिक्शा चलाकर न केवल नियमित आय अर्जित कर रही हैं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सुविधा भी सुलभ करा रही हैं। तपकरा की राजकुमारी पैकरा कहती हैं कि, ई-रिक्शा से परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। छेरडांड की संगीता देवी बताती हैं कि, अब वे आत्मविश्वास के साथ काम कर रही हैं।

### महतारी सदन बना महिलाओं के संगठन और प्रशिक्षण का केंद्र

ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में महतारी सदन एक महत्वपूर्ण पहल बनकर सामने आया है। महिलाओं को सुरक्षित, सुविधायुक्त और संगठित मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से साय सरकार ने जशपुर जिले में 18 महतारी सदन भवनों की स्वीकृति दी है। प्रत्येक भवन के लिए 29 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। कुल 5 करोड़ 22 लाख रुपये की लागत से बनने वाले ये भवन महिला स्व-सहायता समूहों के लिए प्रशिक्षण, बैठक, कौशल विकास और आर्थिक गतिविधियों के प्रमुख केंद्र बनेंगे। इन महतारी सदनों में महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई, बुनाई, हस्तशिल्प, मशरूम उत्पादन, घरेलू उद्योग, पैकेजिंग और विपणन जैसी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे महिलाओं में सामूहिक निर्णय क्षमता, नेतृत्व गुण और सामाजिक एकता को मजबूती मिल रही है। जिले के बगीचा विकासखंड के कुर्राग और रंगले, पत्थलगांव के लुड़ेग, बागबहार और सुरंगपानी, मनोरा के सोनक्यारी और मनोरा, जशपुर के लोखंडी और आरा, कुनकुरी के ढोढ़ीबहार, केराडीह और नारायणपुर, कांसाबेल के बगिया, दोकड़ा और बटईकला, तथा फरसाबहार के केरसई, पंडरीपानी और गारीघाट पंचायतों में इन भवनों का निर्माण किया जा रहा है।

## पुलिस जवानों के साथ सड़कों पर निकली जागरूकता रैली

# कलेक्टर, एसएसपी ने हेलमेट पहनकर दिया सुरक्षा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए जशपुर में शुक्रवार को प्रशासन और पुलिस ने अनोखी पहल की। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत रोहित व्यास और शशि मोहन सिंह खुद हेलमेट पहनकर मोटरसाइकिल पर सवार हुए और 70 से अधिक पुलिसकर्मियों के साथ शहर में बाइक रैली निकाली।

### शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से होकर गुजरी रैली

हेलमेट रैली की शुरुआत पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय परिसर से हुई रैली महाराजा चौक, बस स्टैंड, गिरांग चौक होते हुए नेशनल हाईवे-43 पर ग्राम घोलेंगे तक पहुंची। इसके बाद डोड़का चौरा चौक, गम्हरिया चौक, हाउसिंग बोर्ड और रणजीता स्टेडियम चौक से गुजरते हुए

⏭ शेष पेज 4 पर






### कलेक्टर बोले- सिर्फ चालक ही नहीं, पीछे बैठने वाला भी पहने हेलमेट

रैली के दौरान कलेक्टर रोहित व्यास ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि, घर से बाइक से निकलते समय चालक के साथ पीछे बैठने वाले व्यक्ति को भी अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनना चाहिए। उन्होंने कहा कि, हेलमेट न पहनना छोटी लापरवाही जरूर लगती है, लेकिन यही लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है।

### एसएसपी का संदेश- एक गलती, पूरा जीवन बदल सकती है

एसएसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि, अधिकांश दोपहिया वाहन दुर्घटनाओं में मौत सिर में गंभीर चोट लगने से होती है। हेलमेट पहनने से दुर्घटना की स्थिति में जान बचने की संभावना काफी बढ़ जाती है। उन्होंने लोगों से अपील की, कि नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहें।

## यातायात अनुशासन से सड़क हादसों में मौतों आंकड़ा घटा

**जशपुरनगर।** जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और उनमें हो रही मौतों को गंभीर चुनौती के रूप में लेते हुए जशपुर पुलिस ने वर्ष 2025 में व्यापक रणनीति अपनाई, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया है। वर्ष 2024 में सड़क हादसों में जहां 341 लोगों की मृत्यु हुई थी, वहीं 2025 में यह आंकड़ा घटकर 310 पर आ गया। हालांकि यह संख्या अभी भी चिंता का विषय है, लेकिन मौतों में आई यह कमी पुलिस के निरंतर प्रयासों का संकेत देती है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में जिलेभर में यातायात नियमों के पालन को लेकर दोहरी नीति अपनाई गई एवं एक ओर जागरूकता अभियान, दूसरी ओर सख्त चालानी कार्रवाई की गई। स्कूलों, कॉलेजों, बाजार-हाट और सार्वजनिक स्थलों पर सड़क सुरक्षा मितानों के माध्यम से लोगों को नियमों की महत्ता समझाई गई।

**आंकड़ों में दिखी सख्ती-** यातायात नियमों के उल्लंघन पर की गई कार्रवाई के आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि, पुलिस ने नियम तोड़ने वालों पर शिकंजा कसने में कोई कोताही नहीं बरती। पुलिस ने नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ वर्ष 2024 के 12 मामलों की तुलना में 2025 में 326 प्रकरण, जिनमें 31.75 लाख रुपए जुर्माना वसूला। वहीं बिना सीट बेल्ट के

⏭ शेष पेज 4 पर




■ 2025 में वसूला गया 77 .86 लाख रुपए का जुर्माना


**थी 'ई' मॉडल से मिली सफलता-** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जशपुर पुलिस थी 'ई' मॉडल पर काम कर रही है। जिसके तहत इंजीनियरिंग अति दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों की पहचान कर पीडब्लूडी व एनएच के माध्यम से सड़क सुधार। एजुकेशन- आमजन को यातायात नियमों के प्रति सतत जागरूक करना।

**इंफोर्समेंट नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई-** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि वे हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग करें, ओवर स्पीड से बचें और नशे में वाहन न चलाएं। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल कानून का पालन नहीं, बल्कि अपने और दूसरों के जीवन की सुरक्षा का माध्यम है।

## कार ने बाइक सवारों को रौंदा, 3 की हालत गंभीर

**बगीचा।** कांसाबेल-बगीचा मुख्य मार्ग पर गुरुवार शाम तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। गोटमहुआ के पास करीब शाम 7 बजे एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में घायल तीनों युवक घुघरी गांव के बताए जा रहे हैं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के ग्रामीण तत्काल मदद के लिए आगे आए और घायलों को निजी साधनों से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दुर्घटना में शामिल कार सरईपानी की बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रतीक सिंह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ मिलकर घायलों को उपचार के लिए भिजवाया। उन्होंने तत्काल पुलिस को भी सूचना दी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की वजह माना जा रहा है। पुलिस वाहन चालक और दुर्घटना के वास्तविक कारणों की जांच में जुटी है।



## फरसाटोली में लकवाग्रस्त बुजुर्ग ने की खुदकुशी

**कोतबा।** छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं और 'सुशासन' के बड़े-बड़े दावों के बीच जशपुर जिले से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जो मानवता को शर्मसार करने वाली है। कोतबा क्षेत्र के फरसाटोली में एक बीमार बुजुर्ग की आत्महत्या के बाद उनके शव के पोस्टमार्टम के लिए परिजनों को दिनभर एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल भटकना पड़ा। इस घटना ने क्षेत्र में सरकारी दावों की जमीनी हकीकत उजागर कर दी है। घटना कोतबा चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत फरसाटोली की है, जहां लंबे समय से लकवा से ग्रसित 75 वर्षीय जातिबल साय पिता इन्द्र साय अपनी बेटी-दामाद के घर रहकर इलाज करा रहे थे। गुरुवार रात भोजन के बाद जब पूरा परिवार सो गया, तब बीमारी की पीड़ा और मानसिक तनाव से जूझ रहे बुजुर्ग ने पास के ही एक निर्माणाधीन मकान में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। शुक्रवार सुबह जब परिजनों ने शव देखा, तो घर में कोहराम मच गया।

### पीएम के लिए दर-दर भटके परिजन, 60 किमी का सफर

दुख की इस घड़ी में भी सिस्टम ने परिजनों को राहत देने के बजाय उनकी प्रताड़ना बढ़ा दी। कोतबा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में महीनों से एमबीबीएस डॉक्टर का पद खाली है। पुलिस की कार्रवाई के बाद जब शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया, तो बदहाली का दौर शुरू हुआ। परिजन शव लेकर कोतबा पीएचसी पहुंचे, लेकिन वहां डॉक्टर नहीं मिले। वहां से बागबहार भेजा गया, लेकिन वहां भी तकनीकी कारणों और अव्यवस्था के चलते पीएम नहीं हो सका। अंत में बेबस परिजन शव को लेकर 60 किलोमीटर दूर पत्थलगांव पहुंचे, जहां देर शाम पोस्टमार्टम हो पाया। ऐसा यह कोई पहला मामला नहीं है, चोट व अपराधी मामलों में भी डॉक्टरी मुलाहिजा के लिए आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### कहां है सरकार का सुशासनः यूडी मिंज

इस पूरे घटनाक्रम पर पूर्व विधायक व कांग्रेस जिलाध्यक्ष यूडी मिंज ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने सीधे तौर पर छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन पर सवाल खड़े करते हुए कहा, यह अत्यंत शर्मनाक है कि, विष्णुदेव साय सरकार के गृह जिले में ही स्वास्थ्य व्यवस्था वेंटिलेटर पर है। एक बुजुर्ग की मौत के बाद उसके शव को सम्मानजनक विदाई देने के बजाय सरकार उसे सड़कों पर भटकने को मजबूर होना पड़ रहा है। हमने पहले ही कलेक्टर को पत्र लिखकर कोतबा में डॉक्टर की मांग की थी, लेकिन सरकार को आम जनता की तकलीफों से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा, क्या यही भाजपा का सुशासन है


⏭ शेष पेज 4 पर

### किसानों से की सीधी बातचीत कर जानी समस्याएं

# करडेगा धान खरीदी केंद्र पहुंचे जिपं अध्यक्ष साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में लागू की जा रही नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत जिले के करडेगा धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण करने जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने खरीदी केंद्र में मौजूद किसानों से सीधी बातचीत कर उनकी समस्याएं, अनुभव और धान खरीदी प्रक्रिया की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री साय ने स्पष्ट निर्देश दिया कि, किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप धान खरीदी की प्रक्रिया पारदर्शी, सुचारु और समयबद्ध तरीके से संपन्न की जाए, ताकि किसानों को भरोसेमंद और सहज व्यवस्था मिले।



### किसानों की सुविधा सर्वोपरिः साय सरकार की प्राथमिकता

श्री साय ने खरीदी केंद्र में पीने के पानी, बैठने की व्यवस्था, छाया, तौल व्यवस्था और साफ-सफाई सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में किसानों की सुविधा और सम्मान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, और उनकी हर समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

### समय पर तौल और भुगतान पर विशेष जोर

जिला पंचायत अध्यक्ष श्री साय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों का धान समय पर तौला जाए और भुगतान प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि यदि किसी भी स्तर पर कोई समस्या आती है, तो उसका तत्काल निराकरण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान श्री साय ने कर्मचारियों से कहा कि धान खरीदी केंद्र में व्यवस्था, अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखना अनिवार्य है, ताकि किसानों को बार-बार केंद्र के चक्कर न लगाने पड़ें और शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ उन्हें मिल सके।निरीक्षण के अवसर पर समिति के कर्मचारी, संबंधित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्ति पर तीर्थाराम को दी गई भावभीनी विदाई



**जशपुरनगर।** कलेक्टोरेट कार्यालय जशपुर में पदस्थ रहे सहायक ग्रेड-2 तीर्थाराम साहू के सेवानिवृत्त होने पर कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर में एक आत्मीय एवं भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, एसडीएम विश्वासराव मस्के सहित कलेक्टोरेट कार्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने अपने प्रिय सहकर्मी को पुष्पगुच्छ, शॉल, श्रीफल भेंट एवं माल्यार्पण कर सम्मान पूर्वक विदाई दी। समारोह के दौरान उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों ने श्री साहू के लंबे सेवाकाल को स्मरण करते हुए कहा कि, उन्होंने अपने कर्तव्य निर्वहन में सदैव ईमानदारी, समयबद्धता और निष्ठा का परिचय दिया। सामान्य प्रशासनिक कार्यों से लेकर जटिल फाइल प्रबंधन तक, उनकी कार्यशैली अनुकरणीय रही है। कार्यालय में उनका शांत स्वभाव, सहयोगी दृष्टिकोण और हर कर्मचारी की सहायता के लिए तत्पर रहना उन्हें सभी के बीच अत्यंत प्रिय बनाता रहा।

## खबर संक्षेप



### बैठक में नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान की गतिविधियों की समीक्षा

**अम्बिकापुर।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में संचालित नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र के सदस्यों ने समाज सेविका सुश्री वन्दना दत्ता की अध्यक्षता में होटल सिग्नेचर इन में वर्ष 2025 की गतिविधियों की समीक्षा की तथा आगामी वर्ष की कार्ययोजना पर मंथन किया। बैठक में संयोजक मंगल पाण्डेय ने गतिविधियों की समीक्षा, लक्ष्यों के विरूद्ध प्राप्त उपलब्धियां, समुदाय पर पड़े सकारात्मक प्रभाव, अपूर्ण लक्ष्य एवं उनके कारण, नए वर्ष की प्राथमिकताएं एवं कार्ययोजना का एजेंडा प्रस्तुत किया। उपस्थित सदस्यों ने अपने सुझाव रखे तथा नए वर्ष की कार्ययोजना के बेहतर क्रियान्वयन हेतु सामाजिक उत्तरदायित्व तय किया। बैठक का संचालन अनिल कुमार मिश्रा ने किया। इस दौरान अजय तिवारी, संतोष दास सरल, अंचल ओझा, उमाशंकर पाण्डेय, मनोज भारती, सुनिधि शुक्ला, हिना खान, रीना ठाकुर, रेहान रजा खान, यश मिश्रा एवं संतोष कुमार विश्वकर्मा उपस्थित थे।

### कोयला तस्करी के मामले में पुलिस कर रही खरीददार व ट्रक मालिक की तलाश

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल की गायत्री खदान से कोयला तस्करी की लगातार खबरें सामने आने के बाद जिले के पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधिकारियों को कोयला कबाड़ चोरी के मामलों में सक्रियता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं,एसएसपी के निर्देश पर दो दिनों पूर्व जिले की साइबर सेल की टीम ने गायत्री खदान से चोरी का कोयला लोड कर बिश्रामपुर की तरफ आ रही ट्राला क्रमांक सीजी 15 एसी 4616 को पकड़कर वाहन चालक व क्लीनर को गिरफ्तार किया है लेकिन मामले का मुख्य सरगना अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है,मामले में गिरफ्तार वाहन चालक रामायण यादव निवासी केनापारा चौकी करंजी एवं अन्य युवक प्रताप सिंह निवासी लैंगा से आवश्यक पूछताछ के बाद मामले में अवैध कोयला खरीददार व सपलायर एवं ट्रक वाहन स्वामी की सरगर्मी से तलाश कर रही है।बिश्रामपुर थाना प्रभारी टीआई प्रकाश राठौर ने बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है,बताया जाता है कि महंगई सहित आसपास क्षेत्र के बड़ी संख्या में कोयला तस्कर युवकों को आगे कर खदान से कोयला चोरी कराकर उनसे किलो के हिसाब से मामूली भाव में कोयला खरीदी करते हैं और फिर आवश्यकता अनुसार जिले सहित संभाग के ईंट भट्ठों में चोरी का कोयला की खपत करते हैं,बताया जाता है कि गत वर्ष भी सूरजपुर एसपी के निर्देश पर कार्यवाही हुई थी जिसमें दो ट्राला अवैध कोयला को पकड़ते हुए पुलिस ने इसी क्षेत्र में कार्यवाही की थी,प्राप्त जानकारी अनुसार उस समय जिस ट्रक वाहन से कोयला तस्करी करते हुए पुलिस ने पकड़कर कार्यवाही की थी,अब पुनः हाल ही में दो दिन पहले भी इसी वाहन से कोयला तस्करी करने की घटना सामने आई है जिसके बाद यह स्पष्ट हो रहा है कि कोयला तस्कर अपने ट्रक वाहनों का उपयोग चुराए गये कोयला की अवैध सप्लाई में ही करते हैं एवं ईंट भट्टा की आड़ लेकर चोरी का कोयला बड़े पैमाने में खपाने का कार्य करते हैं।

### ग्राम महंगई बाजार में जुआ खेल रहे दो जुआरी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** क्षेत्र में गश्त कर रहे पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि महंगई बाजार में बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर हार जीत का दाव लगा रहे है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे गांव के ही राजु यादव आ. राम लोचन यादव (22 वर्ष) व संतोष रवि आ. शिवचरण रवि (40 वर्ष) को पकड़ा जबकि पुलिस को आते देख कई जुआरी भागने में सफल हो गए। पुलिस मौके से 2 हजार 780 रुपए सहित 52 पत्ती जब्त किया। पुलिस ने दोनों जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

### स्कूल व आंबा केंद्र से बर्तन व चावल की चोरी

**अम्बिकापुर।** विकासखण्ड वाड्रफनगर अंतर्गत ग्राम चमारसारी स्थित एक ही परिसर में संचालित मिडिल स्कूल, प्रायमरी स्कूल एवं आंबा केंद्र का ताला तोड़ चोरों ने चावल एवं भोजन बनाने के बर्तनों की चोरी कर ली। संस्था प्रमुखों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी है। छुट्टिया खत्म होने के बाद गुरूवार को शिक्षक स्कूल खोलने पहुंचे तो संस्थाओं के मुख्य द्वार का टूटा ताला एवं सामानों को बिखरा देख हैरान रह गए। शिक्षकों ने घटना की जानकारी संस्था प्रमुखों को दी। प्रमुखों के पहुंचने पर सामानों की जांच की गई तो मिडिल स्कूल के मध्याह्न भोजन बनाने का बड़ा गंज एवं सायकिल में हवा भरने वाला दो पंप प्राथमिक शाला से गैस सिलेंडर, कड़ाही एवं आंबा केन्द्र से कुकर एवं 56 किलो चावल गायब मिला। संस्था प्रमुखों ने मामले की सूचना पुलिस को दी है।

---

विभिन्न क्षेत्रों में 13 हजार एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में हो रही खेती

# किसानों ने अपनी मेहनत से सरगुजा को बनाया सब्जी उत्पादन का हब





टमाटर एवं सेम की फसल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

क्षेत्र के किसानों ने अपनी मेहनत से सरगुजा को सब्जी उत्पादन का हब बना दिया है। सरगुजा में उत्पादित सब्जियां न केवल पड़ोसी राज्यों में निवासरत लोगों के भोजन का जायका बढ़ा रही हैं बल्कि पड़ोसी देश नेपाल एवं बांग्लादेश के लोगों की भी जरूरतें पूरी कर रही है।

**खास बात**

- सब्जी उत्पादन से किसानों को हो रहा अच्छा मुनाफा

तीन दशक पूर्व सरगुजा में बेहद कम मात्रा में सब्जियों का उत्पादन होता था। शहर के आसपास के क्षेत्रों में निवासरत बंगाली परिवार सब्जियों की खेती करते थे जबकि स्थानीय लोग सिर्फ आलू प्याज की खेती तक सीमित थे। स्थानीय जरूरतों को पूरी करने पड़ोसी राज्यों से सब्जियां मंगाई जाती थी। तब पत्थलगांव एवं लुड़ेग क्षेत्र में टमाटर की व्यापक स्तर पर खेती होती थी लेकिन बाजार उपलब्ध नहीं होने के कारण कृषकों को मिट्टी के मोल अपनी उपज बेचनी पड़ती थी। टमाटर की खेती में लगातार नुकसान होने के कारण किसानों ने टमाटर की खेती बंद कर दी जिससे सब्जियों की मांग पूरी तरह से पड़ोसी राज्यों पर निर्भर हो गई। वर्ष 2003 में सब्जी बीज निर्माता कंपनी ने विकासखण्ड लुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम डूमरडीह में बरसात के दौरान एक किसान की आधा एकड़ जमीन में टमाटर की प्रदर्शन फसल लगवाया। फसल से किसानों को काफी आय हुई। इसके बाद गांव के अन्य किसानों ने भी टमाटर की खेती शुरू कर दी। टमाटर की खेती से किसानों को हो रहे मुनाफे से प्रेरित होकर अन्य किसान भी टमाटर की खेती के प्रति आकर्षित हुए तथा लुण्ड्रा ब्लॉक के गांव-गांव में टमाटर की खेती होने लगी। टमाटर का उत्पादन बढ़ने के साथ ही थोक व्यापारी सब्जियों के व्यवसाय में रूचि लेने लगे तथा व्यापारियों के माध्यम से सरगुजा का टमाटर पड़ोसी राज्य यूपी, बिहार, झारखण्ड एवं उड़ीसा की मंडियों में पहुंचने लगा। सब्जियों की भारी मांग एवं आय से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में किसान सब्जियों की खेती की ओर आकर्षित होने लगे। अब सरगुजा के किसान न केवल टमाटर बल्कि खीरा, बैंगन, गोभी, ब्रोकली, हरी मिर्च, शिमला मिर्च सहित विभिन्न सब्जियों की खेती कर न केवल अच्छी कमाई कर रहे हैं बल्कि हजारों लोगों को रोजगार दे रहे हैं।

#### लगातार बढ़ रहा रकबा

सब्जियों की खेती से अच्छी आमदनी होने के कारण अब लुण्ड्रा ब्लॉक में गांव-गांव में बड़े पैमाने पर टमाटर सहित अन्य सब्जियों की खेती हो रही है। सरगुजा के अन्य क्षेत्रों के किसान भी बड़े पैमाने पर सब्जियों की खेती कर रहे हैं। जानकारों के अनुसार सरगुजा में वर्तमान में 10 हजार एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में टमाटर एवं 3 हजार एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में खीरा, बैंगन सहित अन्य सब्जियों की खेती हो रही है। खास बात है कि उत्पादन का 10 फीसदी हिस्सा स्थानीय बाजारों में जबकि 90 फीसदी उपज का विक्रय दूसरे राज्यों में हो रहा है। अपनी उपज को दूसरे राज्यों में भेजने किसानों ने स्वयं का पिकअप खरीदा है। बाहर के व्यापारी किसानों से संपर्क कर सीधे उनके खेत से सब्जियां खरीद रहे हैं। सब्जी व्यापारी सरगुजा की सब्जियों को सीधे नेपाल की मंडियों में पहुंचा रहे हैं जबकि पश्चिम बंगाल के व्यापारी सरगुजा में उत्पादित सब्जियों को बांग्लादेश तक भेज रहे है। जिस तरह से सरगुजा में सब्जियों की फसल का रकबा बढ़ रहा है आने वाले दिनों में सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में सरगुजा के किसानों की अलग पहचान बनेगी।

#### संसाधनों से बढ़ी सहुलियत

सब्जी उत्पादन में यह मुकाम हासिल करने में संसाधनों का भी अहम योगदान है। पिकअप से सब्जियां रातभर में 600 किमी दूर की मंडियों में पहुंच जा रही है। ड्रीप एरिगेशन से खीरा, बैंगन आदि के उत्पादन में गुणात्मक वृद्धि हुई है तथा विपरीत मौसम में भी किसान खीरा, हरी मिर्च, शिमला मिर्च आदि का व्यापक उत्पादन कर रहे हैं। प्लास्टिक के ट्रे के माध्यम से सरगुजा का टमाटर केरल, कर्नाटक एवं इलाहाबाद, गोरखपुर , नेपाल तक भेजना संभव हो सका है। संसाधनों के अभाव में न तो विपुल उत्पादन हो पाता न ही दूसरे राज्य की मंडियों तक सब्जियों का परिवहन करना ही संभव हो पाता।

#### दूर-दूर तक मांग

सरगुजा में उत्पादित सब्जियों की मांग दूर-दूर की मंडियों तक है। यहां की सब्जियां नेपाल, गोरखपुर, लखनऊ, प्रयागराज, पटना, मुजफ्फरपुर, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, केरल, कर्नाटक, दिल्ली की मंडियों में भेजी जा रही है। बाहर के भी व्यापारी सब्जियां खरीदने किसानों के खेत में पहुंच रहे हैं।

-काशी प्रसाद केशरी
अध्यक्ष, थोक सब्जी विक्रेता संघ

---

## बाबा श्याम का भव्य संकीर्तन महोत्सव आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



श्री श्याम सेवा समिति सूरजपुर द्वारा बाबा श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन आज 2 जनवरी को किया जा रहा है। आयोजन की तैयारियों को लेकर समिति द्वारा भव्य स्वरूप प्रदान करने के साथ श्याम रस की अलख जगाने के लिए श्याम जगत के भजन प्रवाहकों को आमंत्रित किया गया है। मुख्य आयोजन में श्री श्याम गुणगान शीतला पाण्डेय दिल्ली, पूजा नथानी कलकत्ता तथा अनमोल-शुभम कलकत्ता की जोड़ी विशेष रूप से बाबा श्याम की अलख जगाएंगे। श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के द्वितीय संस्करण में रंगमंच मैदान में नगर पालिका के टेनसाईल डोम के नीचे विशेष रूप से बाबा का खजाना के रूप में भी एक ड्रा का भी आयोजन किया गया है।

- कलकत्ता के कारीगरों ने सजाया भव्य दरबार

इसके साथ ही बाबा का अलौकिक श्रृंगार, इत्र वर्षा व श्याम रसोई के साथ बाबा के महोत्सव को लेकर अभी से ही वातावरण धार्मिक हो गया है। आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बाबा के दरबार को विशेष रूप से फूलों से सजाने के लिए कलकत्ता के दरबार सेवकों को आमंत्रित किया गया है, जो बाबा के आकर्षक दरबार को मूर्तरूप देने में जुटे हैं। वहीं श्याम संकीर्तन में पप्पू महाराज के पावन सानिध्य में राहुल अग्रवाल शीश सेवा प्रदान करेंगे तथा ख्याति प्राप्त भजन गायकों के द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर सुनील अग्रवाल, पप्पल अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, अमित रोहिल्ला, पवन अग्रवाल, रोहित गर्ग, रूपेश मित्तल, रवि अग्रवाल, राकेश बंसल, प्रियांशु जैन, सचिन अग्रवाल, रवि पाण्डेय, विक्की कुमार, राहुल पाण्डेय, सुमित रोहिल्ला, प्रियांश मित्तल, सचिन अग्रवाल, अंश मित्तल, आशीष, यश अग्रवाल, प्रणव अग्रवाल सहित श्री श्याम सेवा समिति के सदस्य जुड़े हुए है।

---

## धान खरीदी केन्द्र के पूर्व समिति प्रबंधक को लेकर लामबंद हुए किसान, किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



धान खरीदी मंगारी में कार्यरत आजाद सिंह को हटाने को लेकर किसान न सिर्फ लामबंद हो गए बल्कि आज सरपंच के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजमार्ग 43 मंगारी मुख्य मार्ग को जाम कर धरना प्रदर्शन करने लगे। सरपंचों के नेतृत्व में किसानों द्वारा अपनी मांग पूरी नहीं होने का आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 43 को बाधित कर दिया है जिससे लगभग एक घंटे तक आवागमन बाधित रही और राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

मंगारी स्थित धान खरीदी केंद्र राष्ट्रीय राजमार्ग 43 से लगा हुआ है जहां पिछले वर्ष सेदम निवासी आजाद सिंह को धान खरीदी केंद्र मंगारी का प्रभारी बनाया गया था। 2 महीने पूर्व ही आवेदन देकर धान खरीदी से हटाने की मांग को लेकर एनएच 43 पर प्रदर्शन कर जाम किया गया था। जिसके बाद प्रशासन द्वारा आजाद सिंह को मंगारी धान के प्रभारी पद से हटा दिया गया था। वर्तमान में चंद्रमणि प्रधान को समिति प्रभारी बनाया गया है और आजाद सिंह मंगारी धान खरीदी केंद्र में व्यवस्था हेतु वर्तमान में कार्यरत है। जिस पर आज लेकर कांग्रेस समर्थित बतौली सरपंच संघ की अध्यक्ष सुशीला भगत सरपंच विशुनपुर, महावीर सरपंच कपाटबहरी, पारस राम मंगारी सरपंच के नेतृत्व में प्रशासन को आवेदन देकर आजाद सिंह को पूर्ण रूप से मंगारी से हटाने जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंप। इससे पूर्व सरपंचों द्वारा प्रशासन पर आरोप लगाते हुए मांग को पूरा करने 50 की संख्या में किसानों के साथ एनएच 43 पर प्रदर्शन करते हुए चक्का जाम कर दिया है और आजाद सिंह को हटाने को लेकर नारेबाजी की। लगभग 1 घंटे तक आवागमन पूरी तरह बंद रहा। घटना की जानकारी लगते ही बतौली तहसीलदार गोविंद सिन्हा, नायब तहसीलदार कृष्णा कंवर, सीतापुर थाना प्रभारी अखिलेश सिंह टीम के साथ पहुंच आवागमन सुचारू कराया।

इस संबंध में सीतापुर एसडीएम राम सिंह ठाकुर ने बताया कि किसानों की मांग पर आजाद सिंह को सोमवार को ही धान खरीदी केंद्र मंगारी से हटा दिया गया है। पुलिस व प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच चक्का जाम समाप्त करवा दिया है।

---

## धान खरीदी प्रभावित होने पर स्टेडियम में शुरू हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर



धान का उठाव नहीं होने के कारण विकासखण्ड लुण्ड्रा की सहकारी समितियों का बुरा हाल है। सहकारी समिति धौरपुर में चारो तरफ धान का अंबार लग गया है वहीं अन्य समितियों में धान रखने की जगह नहीं बची है। धान खरीदी प्रभावित होने की सूचना पर आनन-फानन में स्टेडियम ग्राउंड में धान खरीदी प्रारंभ करना पड़ा।

- उठाव नहीं होने के कारण चारो तरफ लगा धान का अंबार
- अन्य समितियों का भी बुरा हाल

क्षेत्र की सहकारी समिति द्वारा लगातार किसानों का धान खरीदा जा रहा है। जिससे समिति परिसर में चारों तरफ धान का अंबार लग गया है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रबंधन एवं समिति प्रबंधकों की लगातार पहल के बावजूद अभी धान का उठाव शुरू नहीं हो सका है जिससे समितियों में धान रखने की जगह नहीं बची है। धौरपुर समिति में धान रखने की जगह नहीं होने के कारण खरीदी बंद करने की स्थिति निर्मित हो गई। आनन-फानन में प्रशासन द्वारा स्टेडियम परिसर में धान खरीदी की व्यवस्था की गई तो किसानों को राहत मिली। सहकारी समिति द्वारा अब तक क्षेत्र के पंजीकृत 1091 किसानों में से मात्र 786 किसानों से 48630 क्विंटल धान खरीदा गया है। शेष बचे किसानों का 70 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी शेष बची है। मंगलवार को समिति में धान रखने की जगह नहीं होने की सूचना पर प्रशासन द्वारा स्टेडियम परिसर में धान खरीदने की व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था से किसानों के धान बेचने की समस्या तो हल हो गई है लेकिन समिति कर्मियों की समस्या बढ़ गई है।

अलग-अलग दो स्थानों पर धान का भण्डारण होने के कारण सुरक्षा के लिए समिति को अलग-अलग व्यवस्था करनी पड़ेगी। विकासखण्ड की अन्य सहकारी समितियों में भी धान रखने की जगह लगातार कम होते जा रही है। सहकारी समिति डूमरडीह, सहनपुर, ससौली, बटवाही एवं कुंदी में संग्रहित धान का उठाव अब तक शुरू नहीं हो पाया है। जिसके कारण धान रखने की जगह कम होते जा रही है। संग्रहित धान का उठाव जल्द शुरू नहीं किया तो कभी भी खरीदी प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है।

---

## सबके सपने पूर्ण हों, रहे दिलों में हर्ष, दया महामाया करें, सुखद बने नववर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



नववर्ष के उपलक्ष्य में तुलसी साहित्य समिति द्वारा मालवीय भवन में कवि चंद्रभूषण मिश्र और पं.रामनारायण शर्मा के आतिथ्य एवं पूर्व व्याख्याता सच्चिदानंद पाण्डेय की अध्यक्षता में सरस कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। संचालन कवि अजय सागर और आशा पाण्डेय ने किया।

कार्यक्रम का श्रीगणेश मां वीणावती की सामूहिक पूजा एवं कवयित्री पूनम दुबे वीणा द्वारा प्रस्तुत सुंदर सरस्वती-वंदना से हुआ। बीडी लाल और एसपी जायसवाल द्वारा रचित रामायणों में आंशिक पाठ पश्चात पं.रामनारायण शर्मा ने नववर्ष पर सबको हार्दिक बधाइयां देते हुए कहा कि भारत एक विशाल देश है। यहां की संस्कृति में विविधता और अनेकता में एकता के दर्शन होते हैं। वर्ष के प्रथम दिन में प्रसन्नता और उत्साह का होना स्वाभाविक है। हम नए वर्ष का स्वागत उत्साह-उमंग के साथ करें। कवयित्री माधुरी जायसवाल ने नववर्ष में मानवता के पुष्पित होने की कामना की। कवयित्री आशा पाण्डेय ने सबको आपार खुशियां मिलने की दुआ अपने दोहे में की- मिले प्यार – आदर सदा, खुशियां मिले अपार। सभी रहे सुख-शांति से, महक उठे संसार। कवयित्री रूबी सिद्धिकी ने संस्कार बढ़ाने की गुजारिश की- नई डगर, नए कदम, एक नया सवेरा हो। संस्कार हमारे उच्च शिखर पर हों। मानवता की खुशबू से नववर्ष का अभिनंदन हो। वरिष्ठ कवयित्री गीता दुबे ने इसे नई खुशी और उम्मीदों का संवाहक बताया। संस्था के अध्यक्ष कवि मुकुंदलाल साहू ने अपने दोहे में सरगुजा की देवी मां महामाया की कृपा से नया साल सबके लिए सुखमय होने की कामना की- सबके सपने पूर्ण हो, रहे दिलों में हर्ष। दया महामाया करे, सुखद बने नववर्ष। कवयित्री अंजू प्रजापति ने गोस्वामी तुलसीदास की कविता-जथा लाभ संतोष सदा काहू सों कछु न चहोंगो की भांति यह सलाह दी कि जो मिला नहीं, उसका शोर कम करें और जो मिला है, उसका शुक्रिया करें। यही भाव वरिष्ठ गीतकार रंजीत सारथी के सरगुजिहा गीत में भी गूंजित हुआ। कवि सम्मेलन में कवि प्रकाश कश्यप ने नूतन वर्ष में भी आम आदमी को राहत नहीं मिलने की बात कही। इनके अलावा कार्यक्रम में कवयित्री शिरीन खान की- सच का सदा साथ दिया है हमने, झूठ को मात किया है हमने, कवयित्री सीमा तिवारी की – जिंदगी क्या चीज है मैं अब तक समझ न पाई, कवि रामलाल विश्वकर्मा की-आओ कुछ ऐसा करते हैं, औरों की पीड़ा हरते हैं, कवि राजेन्द्र राज की देखा रे संगी महादेव के आवत हे बारात, कवि विनोद तिवारी की जेल में भी कैदी कवि ने गजब ढा दिया, कविता सुनाकर कई कैदियों को पागल बना दिया और कवि अजय सागर की जोड़ने की कला मैने सीखी उम्र भर और काटते-काटते तुम भी कट जाओगे जैसी रचनाओं ने श्रोताओं को सोचने-विचारने को बाध्य किया। अंत में यादव विकास की प्रेरक गजल से कार्यक्रम का सुखद समापन हुआ। धन्यवाद ज्ञापन पूनम दुबे वीणा ने किया। इस अवसर पर केके त्रिपाठी, लीला यादव, अजय सिंह, संतोष उपाध्याय, विनोद सिंह, उमाशंकर गुप्त सहित कई काव्यप्रेमी उपस्थित रहे।

---

## किसान हुआ लूट का शिकार, बाइक सवार लूटेरों ने घटना को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

बैंक से पैसा आहरण कर घर जा रहे 60 वर्षीय साइकिल सवार किसान लूट का शिकार हो गया। पलक झपकते ही बाइक सवार अज्ञात लुटेरों ने साइकिल सवार किसान का पैसों वाला बैग लूटकर फरार हो गए। खून पसीने की कमाई एक झटके में गंवा देने के बाद बुजुर्ग किसान सदमे में है। दिनदहाड़े हुई इस घटना ने नगर की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है।

उक्त घटना नेशनल हाईवे क्र-43 में नगर पंचायत क्षेत्र के कसईढोढ़ी के पास दिन सोमवार को चार बजे की है। जहां ग्राम सुर पकरीखार निवासी 60 वर्षीय बुजुर्ग किसान जगन्नाथ राम लूट के शिकार हो गए। किसान अपने खून पसीने की कमाई बैंक से निकालकर चार बजे के आसपास अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान वो कसईढोढ़ी के पास मौजूद साइकिल दुकान में पहिया में हवा डलवाने के लिए रुके ही थे तभी बाइक सवार दो युवक वहां पहुंचे और पलक झपकते उनके साइकिल में टंगा हुआ रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। बैग में किसान द्वारा बैंक से निकाली गई नगद राशि 30 हजार एवं बैंक का पासबुक था जिसे लुटेरे लूट कर फरार हो गए। अचानक हुए इस घटना के बारे में बुजुर्ग किसान समेत वहां मौजूद लोग कुछ समझ पाते तब तक लूट की घटना को अंजाम देने वाले बाइक सवार लुटेरे आंखों से ओझल हो चुके थे। एक झटके में अपनी खून पसीने की कमाई लुटेरों के हाथों गंवाने के बाद बुजुर्ग किसान सदमे में आ गया है। परिजन के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर किसान धान बेचने के बाद बैंक में जमा राशि निकालकर अपने घर जा रहा था ताकि इन पैसों से वो अपनी बेटी की शादी की तैयारी कर सके लेकिन लुटेरों ने घर जाने के दौरान रुपए से भरा बैग लूटकर किसान के सारे अरमानों पर पानी फेर दिया। कसईढोढ़ी के पास दिनदहाड़े हुई इस घटना ने नगर की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। नगर समेत क्षेत्र में बढ़ती लूटपाट की घटना से लोगों को अपने जानमाल की चिंता सताने लगी है। इस संबंध में एसडीओपी राजेंद्र मंडावी ने जांच की बात कही है।

### उपार्जन केन्द्र पुहपुटरा में 65 बोरी अवैध धान जब्त

**अम्बिकापुर।** विकासखण्ड लखनपुर अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्र पुहपुटरा का निरीक्षण करने पहुंचे नायब तहसीलदार ने 35 बोरी अवैध धान जब्त किया है।समिति प्रबंधकों से मिलीभगत कर कोचिए किसानों के नाम से अपना धान खपा रहे हैं। बुधवार को धान उपार्जन केन्द्र पुहपुटरा का निरीक्षण करने नायब तहसीलदार सर्वेश पटेल एवं उमेश तिवारी पहुंचे थे। इस दौरान चालक राकेश पिता बालेश्वर दास पिकअप में 65 बोरी धान लोड कर उपार्जन केन्द्र में बेचने पहुंचा था।

---

## छात्रों को डेढ़ घंटे देरी से मिला बीकॉम तृतीय सेमेस्टर परीक्षा का प्रश्न पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

संत गहिरा गुरु विवि सरगुजा के परीक्षा विभाग व व्यवस्था की गुरुवार को असंवेदनशील कार्यप्रणाली उजागर हुई है। बीकॉम तृतीय सेमेस्टर ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट की निर्धारित परीक्षा देने शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर पहुंचे छात्र सुबह से ही केंद्र में मौजूद थे,लेकिन परीक्षा कक्षों में प्रश्न-पत्रों के अभाव में उन्हें करीब डेढ़ घंटे तक इंतजार करना पड़ा,बताया जा रहा है कि सुबह 9 बजे शुरू होने वाली परीक्षा विश्वविद्यालय प्रशासन की भारी चूक की वजह से डेढ़ घंटे बाद शुरू हो सकी।

- सुबह 9 बजे निर्धारित समय के बदले 10 .30 बजे विलम्ब से परीक्षा शुरू कराई गई
- विद्यार्थियों ने झेली मानसिक प्रताड़ना, आजाद सेवा संघ ने मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की

आजाद सेवा संघ के रचित मिश्रा ने इस घटना को प्रणालीगत विफलता करार देते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाह कार्यशैली पर सवाल किये हैं,उन्होंने कहा कि संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा संभाग का सबसे बड़ा शैक्षणिक केंद्र है, जिसके अंतर्गत लगभग 90 महाविद्यालय संचालित होते हैं,यदि शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में ऐसी अव्यवस्था हो सकती है,तो आशंका है कि संभाग के अन्य केंद्रों में भी यही हाल रहा होगा,यह कोई साधारण मानवीय भूल नहीं,बल्कि परीक्षा विभाग की गंभीर लापरवाही है,गौरतलब है कि शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में नए वर्ष के दिन बीकॉम तृतीय सेमेस्टर ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट की परीक्षा का समय सुबह 9 बजे तय था, लेकिन 10.30 बजे तक छात्र बिना प्रश्न-पत्र के बैठे रहे,डेढ़ घंटे की यह देरी न केवल अनुशासनहीनता का प्रमाण बनी, बल्कि छात्रों के आत्मविश्वास पर भी गहरा आघात पहुंचा,संघ के रचित मिश्रा के अनुसार जब परीक्षा में डेढ़ घंटे का विलंब हो चुका था, तो नियमों के अनुसार उसे रद्द कर दिया जाना चाहिए था,आधे-अधूरे मन से कराई गई परीक्षा विश्वविद्यालय की गलती पर पर्दा डालने की कोशिश है, घटना का सबसे बड़ा खामियाजा ग्रामीण अंचलों से आने वाले छात्रों को भुगतना पड़ा।आजाद सेवा संघ ने इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है,यह घटना न केवल एक परीक्षा की विफलता है, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र की संवेदनशीलता और जिम्मेदारी पर बड़ा सवाल खड़ा करती है।






# इमरान-यामी की फिल्म हक आज ओटीटी पर

**मुंबई।** इमरान हाशमी और यामी गौतम की फिल्म 'हक'जब सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, तब क्रिटिक्स ने फिल्म को काफी सराहा था। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर फिल्म कोई खास प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। शाह बानो बेगम के केस पर आधारित यह फिल्म अब घर बैठे देख सकेंगे। क्योंकि, अब हक ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है। फिल्म 2 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम करेगी। आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'हक' का पोस्टर शेयर करते हुए इसकी घोषणा की। डिजिटल प्लेटफॉर्म की ओर से पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया, 'घर की चार दीवारों से अदालत तक।

लाइफ Style



# अलीजेह

## म्यूजिकल प्रोजेक्ट में सिद्धांत के साथ आएंगी नजर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

साल 2014 में रिलीज हुई फ्रेंच फिल्म 'ला फैमिली बेलियर' का हिंदी रीमेक बनने वाला है। खबर है कि निर्माताओं ने इस म्यूजिकल फिल्म के लिए सिद्धांत चतुर्वेदी और अलीजेह अग्निहोत्री को कास्ट किया है। फिल्म का निर्देशन विकास बहल करने वाले हैं। इसकी शूटिंग जून से अगस्त के बीच शुरू हो सकती है।

'ला फैमिली बेलियर' एक कॉमेडी फिल्म है जिसके निर्देशक एरिक लार्टिगाउ हैं। इसकी कहानी 16 साल की एक लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है। लड़की अपने मूक-बधिर माता-पिता की देखभाल करती है। उसकी जिंदगी तब बदल जाती है, जब उसके म्यूजिक टीचर को उसकी खूबसूरत गाने की आवाज का पता चलता है। लड़की को अपने सपने को पूरे करने और अपने परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारी के बीच चुनाव करना होता है। 'ला फैमिली बेलियर' ने 2022 में 94वें एकेडमी अवॉर्ड्स (ऑस्कर) में बेस्ट पिक्चर का अवॉर्ड जीता था। 'सिद्धांत चतुर्वेदी और अलीजेह अग्निहोत्री की एक फिल्म है, जिसे विकास बहल डायरेक्ट करेंगे। यह बेहतरीन फिल्म होगी। यह एक फ्रेंच फिल्म 'ला फैमिली बेलियर' का रीमेक है, जिसका रीमेक बनाया जाएगा। इस फिल्म ने ऑस्कर जीता था। यह एक म्यूजिकल फिल्म है, यह संजय लीला भंसाली की 'खामोशी' जैसी है। हमने इसे ओरिजिनल फ्रेंच फिल्म से लिया है।' सिद्धांत चतुर्वेदी को आखिरी बार 2025 की फिल्म 'धड़क 2' में तृप्ति डिमरी के साथ देखा गया था। अलीजेह अग्निहोत्री ने साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'फर्रे' से एक्टिंग में डेब्यू किया था।

हॉलीवुड मसाला



# 'मुझसे शादी' गाने पर किया डांस

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा के साथ शादी के बाद हॉलीवुड सिंगर निक जोनस पर देसी रंग चढ़ गया है। वह अक्सर हिंदी गानों पर थिरकते नजर आते हैं। निक जोनस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें म्यूजिक बैंड के मेंबर और उनके भाई साथ नजर आ रहे हैं। निक और बाकी लोग प्रियंका चोपड़ा की बॉलीवुड फिल्म 'मुझसे शादी करोगे' के टाइटल ट्रैक पर झूमते दिखे। खासकर निक ने इस गाने पर जबरदस्त स्टेप्स किए।





# स्ट्रेंजर थिंग्स 5 में वेक्ना का होगा खात्मा?

**लॉस एंजिल्स।** 'स्ट्रेंजर थिंग्स' सीजन 5 का आखिरी एपिसोड सबसे लंबा बताया जा रहा है। फाइनल एपिसोड लगभग 2 घंटे और 5 मिनट का है। यह सीरीज इन दिनों सोशल मीडिया पर भी ट्रेंड कर रही है, आखिरी एपिसोड के कई स्पॉलर भी सामने आ रहे हैं। यह सीरीज अच्छाई और बुराई के कॉन्सेप्ट पर ही है। इस सीरीज में विलेन का किरदार यानी वेक्ना पांचवें सीजन में काफी ताकतवार हो चुका है। ऐसे में इलेंवन (सीरीज का लीड कैरेक्टर) और उसकी टीम के लोग वेक्ना का सामना करते हैं, इनमें से कई लोगों के पास सुपरपावर भी हैं। पांचवें सीजन में वेक्ना पास खतरनाक योजना है। हो सकता है कि इस बार सीरीज में कुछ किरदार मर भी जाएं। सोशल मीडिया पर एक खबर है कि हॉकिन्स नाम के किरदार को बचाने की कोशिश भी सीरीज में दिख सकती है।




# 9 को री-रिलीज को होगी किस किसको...

**मुंबई।** कॉमेडियन कपिल शर्मा ने अपने फैंस को बड़ी खुशखबरी दी है। उनकी अदाकारी वाली फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' एक बार फिर से सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म के निर्माताओं ने गुरुवार को ऐलान किया है कि यह फिल्म 9 जनवरी को री-रिलीज की जाएगी। निर्माताओं को यकीन है कि इस बार फिल्म पर दर्शक अच्छा रिस्पॉन्स देंगे। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के मुताबिक फिल्म को पहले रणवीर सिंह की अदाकारी वाली फिल्म 'धुरंधर' और हॉलीवुड फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' की वजह से सिनेमाघरों में ज्यादा स्क्रीन नहीं मिल पाई थी। इसकी वजह से इसकी कमाई पर असर पड़ा था। फिल्म के निर्माता रतन जैन के मुताबिक लोगों में अभी भी फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' का क्रेज है।



# धुरंधर नए साल में कुछ बदलाव के साथ...

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही रणवीर सिंह की धुरंधर का 1 जनवरी को नया वर्जन रिलीज किया गया है। इस नए वर्जन में धुरंधर में कुछ बदलाव किए हैं। साल 2025 में रणवीर सिंह की धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर दिया। फिल्म ने बहुत सी फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़े। ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर फिल्म 1,100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। अब नए साल पर इस फिल्म को नए अंदाज में रिलीज किया गया है। नए साल पर फिल्म का रिवाइज्ड वर्जन रिलीज किया गया है। दरअसल, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा फिल्म में कुछ बदलाव बताए गए। उन्हीं बदलाव को ध्यान में रखते हुए फिल्म का नया वर्जन रिलीज किया गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के निर्देश के मुताबिक, इस नए वर्जन में मेकर्स ने दो शब्दों को म्यूट किया है और एक डायलोग में बदलाव किया है।

टीवी मसाला



# इक्कीस हमारे लिए आखिरी अनमोल निशानी है : अमिताभ

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन 'कौन बनेगा करोड़पति 17' में दोस्त धर्मेंद्र को यादकर भावुक हो गए। धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म 'इक्कीस' 1 जनवरी को नए साल पर रिलीज है, पर वह इस दुनिया में नहीं हैं। अमिताभ ने कहा कि 'इक्कीस' उनके लिए उनके दोस्त की आखिरी अनमोल निशानी है, जो उनका परिवार भी था। धर्मेंद्र 24 नवंबर 2025 को इस दुनिया को अलविदा कह गए और 1 जनवरी 2026 को उनकी फिल्म 'इक्कीस' रिलीज हो रही है। किसी ने सोचा नहीं था कि यह धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म साबित होगी, और वह इसे देखने के लिए भी नहीं रहेंगे। 'इक्कीस' में अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा लीड रोल में हैं, जो सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म में जयदीप अहलावत भी हैं। हाल ही जब अगस्त्य नंदा, जयदीप अहलावत और डायरेक्टर श्रीराम राघवन 'कौन बनेगा करोड़पति 17' में पहुंचे, तो बिग बी भावुक हो गए। उन्होंने जिगरी यार धर्मेंद्र को याद किया, जिनके साथ ढेरों फिल्में की थीं और गहरा रिश्ता था। वहीं, प्रोमो में अमिताभ बच्चन दोस्त धर्मेंद्र और उनकी फिल्म 'इक्कीस' के लिए कह रहे हैं, 'फिल्म 'इक्कीस' हमारे लिए वो आखिरी अनमोल निशानी है, जो हिंदी फिल्म जगत की महान विभूति अपने करोड़ों चाहने वालों के लिए छोड़ गए। एक कलाकार अपनी सांस के अंतिम छोर तक, कला की साधना करना चाहता है और कुछ ऐसा ही किया मेरे मित्र, मेरे परिवार, मेरे आदर्श, धर्मेन्द्र देव जी ने।' अमिताभ बच्चन ने आगे कहा, 'धरमजी सिर्फ एक शख्स नहीं थे, एक एहसास थे। और एहसास जो होता है, वो कभी जाने नहीं देता किसी के अंदर से। बस यादें बनकर, दुआएं बनकर साथ चलते रहता है।'

## भाबीजी घर पर हैं 2.0 में नहीं दिखेंगी सौम्या

**नई दिल्ली।** पॉपुलर सिटकॉम 'भाबीजी घर पर हैं!' दूसरे सीजन के साथ टीवी पर लौटा, जिसमें शिल्पा शिंदे 'अंगूरी भाभी' के रोल में वापसी कर चुकी हैं।



इस सीजन में पत्नियों की अदला-बदली दिखाई जाएगी और कई सारे ट्विस्ट भी होंगे। सौम्या टंडन ने जब 'भाबीजी घर पर हैं!' छोड़ा था, तो उसके बाद विदिशा श्रीवास्तव ने उन्हें शो में रिप्लेस किया था। अब शिल्पा शिंदे एक दशक बाद'भाबीजी घर पर है 2.0' में अंगूरी भाभी के रूप में लौटीं, तो फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं था। ऐसे में वो जानने को उत्सुक थे कि क्या टंडन भी वापसी करेंगी? इस बारे में सौम्या ने कहा, 'नहीं, मैं 'भाभीजी घर पर है 2.0' में बिल्कुल भी वापस नहीं आ रही हूं। मैं एक दूसरे प्रोजेक्ट में बिजी हूं। फिलहाल, मैं कुछ और कर रही हूं। इसलिए वापसी का तो सवाल ही नहीं उठता।' सौम्या टंडन ने यह भी कन्फर्म किया कि वह 'धुरंधर 2' में उल्फत के रूप में वापसी करेंगी। हालांकि, एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि 'धुरंधर' के दूसरे पार्ट में उनका स्क्रीनटाइम कम होगा। वह बोलीं, ''धुरंधर पार्ट 2' में मेरा रोल बहुत छोटा है क्योंकि मेरे पति की मौत हो चुकी है।

# डेमोन कॉलोनी 3 का पहला लुक आया सामने

**मुंबई।** तमिल सिनेमा की चर्चित हॉरर-थ्रिलर फ्रेंचाइजी 'डेमोन कॉलोनी' अपनी नई किस्त के साथ दर्शकों को डराने के लिए तैयार है। डेमोन कॉलोनी 3 का पहला लुक सामने आते ही फिल्म को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर पहुंच गया है।



पोस्टर में डर, रहस्य और अंधेरे की जो झलक दिखती है, वह साफ इशारा करती है कि इस बार कहानी पहले से कहीं ज्यादा खतरनाक मोड़ लेने वाली है। इस फिल्म के साथ एक बार फिर अरुल्निथी अपने लोकप्रिय किरदार में लौट रहे हैं। पहले दो पार्ट्स में जिस रहस्यमयी दुनिया और शापित घटनाओं ने दर्शकों को बांधे रखा था, तीसरे भाग में वही कहानी और गहराई के साथ आगे बढ़ती नजर आएगी। निर्देशक अजय ज्ञानमुथु ने इस फ्रेंचाइजी को सिर्फ डर तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसमें मनोवैज्ञानिक तनाव और रहस्य का ऐसा ताना-बाना बुना है, जिसने डेमोन कॉलोनी को अलग पहचान दिलाई। डेमोन कॉलोनी की टैगलाइन है- 'द एंड इज टू फार' यानी अंत अभी बहुत दूर है। यह टैगलाइन खुद में संकेत देती है कि पिछली फिल्मों में शुरू हुआ अंधेरे का खेल अभी खत्म नहीं हुआ है। पहले भागों में जिन अलौकिक शक्तियों और शाप का सामना किरदारों ने किया था, उसका असर अब भी बरकरार है और इस बार टकराव और भी भयावह होने वाला है। इस फिल्म में अरुल्निथी के साथ प्रिय भवानी शंकर, अर्चना रविचंद्रन, मुथुकुमार और मीनाक्षी गोविंदराजन भी अपनी भूमिकाओं में वापसी कर रहे हैं। एक ही कास्ट का लौटना इस बात का संकेत है कि कहानी में निरंतरता रहेगी और दर्शकों को उसी डरावनी दुनिया में फिर से ले जाया जाएगा, जहां हर मोड़ पर अनहोनी का अहसास होता है।

# 2026 में इन फिल्मों का होगा बॉक्स ऑफिस क्लैश, कार्तिक की रणबीर से होगी टक्कर...

**नई दिल्ली।** नए साल 2026 फिल्म के दीवानों के लिए मजेदार रहने वाला है। इस साल कुछ बेहतरीन फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इन फिल्मों का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। कुछ फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर क्लैश भी देखने को मिलेगा। इन फिल्मों में रणवीर सिंह की धुरंधर 2 से लेकर शाहिद कपूर की ओ रोमियो तक शामिल है।

***जना नायकन और द राजा साहब:*** सबसे पहला क्लैश जनवरी के महीने में ही देखने को मिलेगा। ये क्लैश तमिल भाषा की फिल्म जना नायकन और तेलुगु भाषा की द राजा साहब के बीच होगा। दोनों फिल्में 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होंगी। जना नायकन में थलपति विजय लीड रोल में नजर आएंगे। वहीं, द राजा साहब में प्रभास और संजय दत्त नजर आएंगे।



***हैप्पी पटेल :*** खतरनाक जासूस और मायासभाः 9 जनवरी के बाद 16 जनवरी को बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होगा। हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस आमिर खान के प्रोडक्शन में बनी फिल्म होगी। इस फिल्म से इमरान खान फिल्मों में कमबैक करेंगे। हैप्पी पटेल का क्लैश 16 जनवरी को राही अनिल बर्वे की फिल्म मायासभा से होगा। मायासभा एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म होगी।

***तू या मैं और ओ रोमियो :*** शनाया कपूर और आदर्श गौरव की फिल्म तू या मैं और शाहिद कपूर की फिल्म ओ रोमियो का क्लैश होगा। ओ रोमियो को विशाल भरद्वाज डायरेक्ट कर रहे हैं। तू या मैं 14 फरवरी को रिलीज होगी। वहीं, शाहिद कपूर की ओ रोमियो 13 फरवरी को रिलीज होगी।

***धुरंधर 2, टॉक्सिक और डकैत :*** 19 मार्च को बड़ा क्लैश देखने को मिलेगा। रणवीर सिंह की धुरंधर का पार्ट 2 इसी दिनी रिलीज होगी। साउथ के सुपरस्टार यश की टॉक्सिक और अनुराग कश्यप की फिल्म डकैत के बीच क्लैश देखने को मिलेगा।

***भूत बंगला और आवारापन 2:*** 2026 में अक्षय कुमार और इमरान हाशमी की भी क्लैश देखने को मिलेगी। अक्षय कुमार की भूत बंगला 2 अप्रैल को रिलीज होगी। वहीं, इमरान हाशमी की आवारापन 2 3 अप्रैल को रिलीज होगी।

***नागजिला और लव एंड वॉर:*** लिस्ट में कार्तिक आर्यन की फिल्म नागजिला और रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विकी कौशल की फिल्म लव एंड वॉर है। दोनों फिल्में 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती हैं।

## आने वाला हर दिन है अनमोल, आपकी सभी कोशिशें हों सफल

# कमल हासन-चिरंजीवी और धनुष समेत इन साउथ स्टार्स ने दी नए साल की बधाई

### घर के बाहर खड़े फैंस से मिले रजनीकांत

तमिल सुपरस्टार रजनीकांत नए साल के मौके पर अपने घर के बाहर खड़े फैंस से आके मिले और उनका अभिवादन किया। इस दौरान थलाइवा ने पहले हाथ हिलाकर फैंस का अभिवादन किया, उसके बाद दोनों हाथ जोड़कर फैंस को धन्यवाद बोला। इस दौरान भारी संख्या में घर के बाहर फैंस इकट्ठा नजर आए।

### आपकी कोशिशें सफल हों

सुपरस्टार कमल हासन ने भी अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'एक और साल आने वाला है। पिछले साल से बेहतर, दयालु और समझदार बनने का एक और मौका। उत्कृष्टता एक निरंतर प्रक्रिया है। आपको नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं। आने वाला हर दिन अनमोल है। आपकी सभी कोशिशें सफल हों और आपको खुशी दें।'

*नई दिल्ली। नए साल का स्वागत हो चुका है। हर कोई अपने-अपने तरीके से साल 2026 की शुभकामनाएं दे रहा है। इसी कड़ी में साउथ सिनेमा के तमाम स्टार्स भी अपने-अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं दे रहे हैं। इस मौके पर सुपरस्टार रजनीकांत जहां अपने घर के बाहर आए और फैंस का अभिवादन स्वीकार करते हुए उन्हें नए साल की शुभकामनाएं दीं। वहीं, कई अन्य सेलेब्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए फैंस को हैप्पी न्यू ईयर बोला है।*



### सकारात्मकता और एकजुटता से करें नए साल का स्वागत

मेगास्टार चिरंजीवी ने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं दीं। एक्टर ने लिखा, 'आप सभी को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं। आइए इस वर्ष का स्वागत सकारात्मकता, आशा और एकजुटता के साथ करें और इसे सभी के लिए एक सुंदर साल बनाएं। नव वर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं।'

***अल्लू अर्जुन ने फैंस का जताया आभार :*** 'पुष्पा' स्टार अल्लू अर्जुन ने भी अपने फैंस के लिए शुभकामनाएं भेजते हुए लिखा, 'जैसे-जैसे यह साल खत्म हो रहा है, मेरे मन में केवल कृतज्ञता है। इस सफर के लिए, इससे मिले सबक के लिए और मेरे चारों ओर मौजूद प्यार के लिए। मेरे प्रशंसकों हर पड़ाव पर मेरा साथ देने के लिए धन्यवाद। आपका विश्वास मुझे हर दिन शक्ति और उद्देश्य देता है। उत्साह से आगे देख रहा हूं, आने वाले समय की शुरुआत के लिए तैयार हूं। नए साल 2026 की शुभकामनाएं।'

### इन स्टार्स ने भी दीं शुभकामनाएं

इसके अलावा साउथ के कई अन्य स्टार्स ने भी नए साल की शुभकामनाएं दीं। इनमें जूनियर एनटीआर, प्रभास, कार्थी, प्रकाश राज और रवि तेजा के नाम शामिल हैं।

### धनुष ने फैंस को बताया अपनी ताकत

*अभिनेता धनुष ने 2025 का आभार जताते हुए नए साल का स्वागत किया। अपने फैंस का आभार जताते हुए धनुष ने उन्हें अपनी सबसे बड़ी ताकत बताया। इसके साथ ही उन्होंने सभी को खुशहाल, स्वस्थ और समृद्ध नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। धनुष ने अंत में 'ओम नमः शिवाय' के साथ अपनी शुभकामनाएं पूरी कीं।*

### विजय ने फोटोज के साथ दीं शुभकामनाएं

*अभिनेता विजय देवरकोंडा ने अपने नए साल वेकेशन की कई तस्वीरें भी साझा कीं। इनमें वो अपने दोस्तों के साथ नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में नए साल की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं मेरे प्यारे दोस्तों। हम साथ-साथ आगे बढ़ें, ढेर सारी यादें बनाएं, अच्छे काम करें, प्यार, खुशी और जीवन को आगे बढ़ाएं। आप सभी को ढेर सारा प्यार।'*

## खबर संक्षेप

### प्रबंधन ने जताया भाजपा नेता गौतम का आभार

**पुसौर।** भाजपा नेता गौतम अग्रवाल का अभिनव विदया मंदिर के प्रतिनिधि मंडल ने आभार जताया। जिसमें मुख्यतः प्राचार्य अक्षय कुमार सतपथी, पूर्व पार्षद जगन्नाथ प्रधान, तथा नगर उपाध्यक्ष उमेश साव आदि शामिल रहे। जानकारी के मुताबिक कुछ दिन पहले अभिनव स्कूल का शैक्षिक भ्रमण टीम लगभग 50 लोगों का समूह रायगढ में रूका जिनका समूचित व्यवस्था गौतम अग्रवाल द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि भ्रमण यात्रा लगभग एक हप्ते तक हुआ जो निर्विघ्न संपन्न हुआ। इस आशय से अभिनव स्कूल का प्रतिनिधि मंडल ने गौतम अग्रवाल का आभार जताने उनके कार्यालय पहुंचे।

### पीयूसीसी की वैधता 31 मार्च तक बढ़ी

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के वाहन मालिकों को बड़ी राहत देते हुए राज्य सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र पीयूसीसी की वैधता अवधि 31 मार्च तक बढ़ा दी है। इस निर्णय का उद्देश्य वाहन मालिकों को बिना किसी दंड के प्रदूषण मानकों का पालन करने के लिए अतिरिक्त समय उपलब्ध कराना है। यह घोषणा मंगलवार को ओडिशा के परिवहन मंत्री बिभूति भूषण जेना ने की। उन्होंने बताया कि जन सुविधा और प्रशासनिक कारणों को ध्यान में रखते हुए यह विस्तार दिया गया है। इस फैसले के बाद जिन वाहन मालिकों के पीयूसीसी की अवधि समाप्त होने वाली थीए उन्हें अब मार्च के अंत तक की मोहलत मिल गई है।

### धान की अवैध तस्करी आपूर्ति विभाग की छापेमारी

**बणाई।** धान की अवैध तस्करी किए जाने की सूचना पर बणाई आपूर्ति विभाग ने छापेमारी कर धान लदी एक गाड़ी को जब्त किया है। यह धान देवगढ़ क्षेत्र से बणाई की ओर ले जाया जा रहा था। बणाई के उपजिलाधिकारी के निर्देश पर आपूर्ति विभाग द्वारा धान की अवैध तस्करी पर कड़ी नजर रखी जा रही थी। मंगलवार को देवगढ़ क्षेत्र से बणाई की ओर एक पिकअप वैन में धान ले जाते समय सियाजोर के पास बणाई आपूर्ति विभाग की टीम ने उसे पकड़ लिया।

## कलेक्टर ने यशस्वी जशपुर के तहत ली प्राचार्यों की समीक्षा बैठक

# लापरवाही पर शो-काज नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास और जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के तहत आज जिला पंचायत सभाकक्ष में सभी बीईओ, एबीईओ और जिले के समस्त शासकीय हाई व हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में उन्होंने छमाही परीक्षा परिणामों, बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम के लक्ष्य, कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में कमजोर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों तथा मेरिट में आने वाले छात्रों के लिए विशेष रणनीति, विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं विद्यालयों की सतत मॉनिटरिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों की गहन समीक्षा की। इसके साथ ही शासकीय विद्यालयों के इनऑपरेटिव बैंक खातों तथा अपार आईडी निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री व्यास ने खराब परीक्षा परिणामों एवं अध्यापन कार्य में लापरवाही पर गहरी



नाराजगी व्यक्त करते हुए प्राचार्यों को अपेक्षित शैक्षणिक परिणाम सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक एवं ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय के निरीक्षण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने तथा विद्यालयों में अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों के पालकों से नियमित संपर्क स्थापित करने के कार्य को पूरी गंभीरता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुशासनहीनता बरतने, शासकीय कार्य में लापरवाही और खराब परीक्षा परिणाम पर हायर सेकेंडरी तपकरा, हायर सेकेंडरी सिमडा ,इंदिरा गांधी कन्या हायर सेकेंडरी पत्थलगांव और सेजेस कुनकुरी के प्राचार्यों को शो-कॉज नोटिस जारी करने निर्देश दिए। साथ ही समय-सीमा में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर निलंबन की कार्रवाई करने को कहा। बैठक में यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता ने कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड के शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के दृष्टिकोण से विभिन्न बिंदुओं पर बात की। उन्होंने आगामी प्री-बोर्ड और बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए बोर्ड परीक्षा के ब्लूप्रिंट के आधार पर अध्यापन, अंकों के अनुसार उत्तर लिखने का अभ्यास, सूक्ष्मता से मूल्यांकन और सुधारात्मक टीप सहित प्रत्येक दिवस तीन-तीन विषयों के डेढ़ घंटे के कालखंड के विषय में जानकारी दी। बैठक में सांख्यिकी अधिकारी किशोर केरकेट्टा, यशस्वी जशपुर के संजीव शर्मा,अवनीश पांडेय सहित समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी और विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

## 11 दिन तक जिले में चलेगा सघन जनजागरूकता अभियान





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जशपुर पुलिस ने रजत जयंती वर्ष 2025–26 के अंतर्गत जिलाव्यापी 11 दिवसीय जनजागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। जिला मुख्यालय में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक जशपुर रायमुनी भगत, नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, कलेक्टर रोहित व्यास एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक, समाजसेवी एवं प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए।

**आत्मरक्षा, कानून और हेल्पलाइन पर विशेष फोकस-** अभियान के दौरान महिलाओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक उपाय, पीड़ित प्रतिकर योजना, महिला हेल्पलाइन एवं कानून में प्रदत्त अधिकारों की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही स्वच्छता, पोषण एवं स्वास्थ्य विषयों पर भी जागरूक किया जाएगा।

**जशपुर पुलिस महिलाओं की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध-** इस अवसर पर एसएसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि संविधान और कानून महिलाओं को सशक्त बनाते हैं। जशपुर पुलिस महिलाओं की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में नोनी रक्षा दल के कार्यों का और विस्तार किया जाएगा।

### उत्कृष्ट कार्यों के लिए तीन महिलाएं सम्मानित

अभियान के शुभारंभ अवसर पर समाज में महिलाओं की सकारात्मक भूमिका को रेखांकित करते हुए जशपुर पुलिस द्वारा जिले की तीन प्रेरणादायी महिलाओं को सम्मानित किया गया।पंडरी बाई को जनजातीय अंचलों में बच्चों को क्रिकेट प्रशिक्षण देकर खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए, सुमन ताम्रकार को पर्वतारोहण के क्षेत्र में साहसिक उपलब्धियों के माध्यम से जिले व राज्य का नाम रोशन करने के लिए, आकांक्षा रानी को बीसीसीआई अंडर-19 में चयनित होकर उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करने के लिए सम्मान प्रदान किया गया। इन सम्मानित महिलाओं को बालिकाओं व युवतियों के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया गया।


### नोनी रक्षा दल बना सुरक्षा की मजबूत कड़ी

महिला सुरक्षा के लिए जशपुर पुलिस द्वारा गठित नोनी रक्षा दल लगातार सक्रिय है। महिलाओं की सहायता हेतु 24 घंटे हेल्पलाइन नंबर 9479128400 जारी किया गया है। त्वरित कार्रवाई के लिए पृथक वाहन की व्यवस्था भी की गई है। डीएसपी रैंक की महिला पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में प्रशिक्षित टीम संवेदनशील मामलों में तत्परता से कार्य कर रही है। स्कूल व कॉलेज स्तर पर छात्राओं के लिए करियर काउंसलिंग, आत्मविश्वास विकास और व्यक्तित्व निर्माण से जुड़े सत्र आयोजित किए जाएंगे। सहभागिता बढ़ाने के लिए खेलकूद, निबंध लेखन, कविता पाठ और रंगोली प्रतियोगिताएं भी कराई जाएंगी।

### शहर से लेकर सुदूर गांवों तक पहुंचेगा अभियान

यह जनजागरूकता अभियान 1 जनवरी से 11 जनवरी 2026 तक जिले के शहरी, ग्रामीण, दूरस्थ एवं संवेदनशील क्षेत्रों में चरणबद्ध रूप से संचालित किया जाएगा। स्कूल-कॉलेज, हाट-बाजार और सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को घरेलू हिंसा, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, बाल विवाह, नशे के दुष्प्रभाव, साइबर अपराध, पोस्को एक्ट, मानव तस्करी और टोनही प्रताड़ना जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

## कानून की पाठशाला में पर्यावरण का संदेश, छात्राओं को मिली अधिकारों व संरक्षण की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बगीचा

बगीचा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा गुरुवार को शासकीय कन्या हाई स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में छात्राओं के साथ-साथ उपस्थित शिक्षकों ने भी सहभागिता निभाई। शिविर को संबोधित करते हुए तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष अंकिता यदु ने पर्यावरण संरक्षण के विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, स्वच्छ पर्यावरण न केवल हमारा नैतिक दायित्व है, बल्कि इससे जुड़े कई कानूनी प्रावधान भी नागरिकों को अधिकार और जिम्मेदारी दोनों सौंपते हैं। छात्राओं को दैनिक जीवन में पर्यावरण संरक्षण के छोटे-छोटे उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

**कानूनी योजनाओं की दी जानकारी-** कार्यक्रम में छात्राओं को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाएं निशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, महिलाओं व बच्चों के संरक्षण से जुड़ी सुविधाओं के बारे में सरल भाषा में बताया गया, ताकि जरूरत पड़ने पर वे इनका लाभ उठा सकें।

### चित्रकला प्रतियोगिता में दिखी जागरूकता

पर्यावरण के प्रति छात्राओं की संवेदनशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण, हरियाली और स्वच्छता जैसे विषयों पर आकर्षक चित्र बनाकर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं की सराहना की गई। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने कहा कि, ऐसे शिविरों से छात्राओं में न केवल कानून की समझ विकसित होती है, बल्कि वे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी बेहतर ढंग से समझ पाती हैं।

## गांव का एक्यूपंक्चर डाक्टर मुंबई में सम्मानित



**सरिया।** आठवां प्राचीन और आधुनिक चिकित्सा राष्ट्रीय आयुष शिखर सम्मेलन और पुरस्कार समारोह गांव के चिकित्सक का सम्मान किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य के सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत सरिया से लगे ग्राम पंचधार के एक्युपंचर चिकित्सा किशोर पात्रे का प्लैटिनम अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

एक्यूपंक्चर चिकित्सा विधि से मरीजों की सेवा करने वाले चिकित्सक किशोर पात्रे सरिया के ग्राम पंचधार निवासी हैं। विगत दिनों मुंबई के माटुंगा स्थित कस्तूरबा हाल में आयोजित आठवां प्राचीन एवं आधुनिक चिकित्सा राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन एवं पुरस्कार समारोह 2025 में उनके उत्कृष्ट कार्य एवं सेवा भावना को ध्यान में रखते हुए सम्मान किया गया। मुंबई सम्मान समारोह में प्रोफेसर मेहर मास्टर मुसे डीन जोरोस्टियन कालेज कॉलेज, डॉक्टर प्रोफेसर पी बी लोहिया अध्यक्ष इंडियन एकेडमी ऑफ़ एक्यूपंक्चर साइंस, कार्यक्रम के आयोजन डॉ बी कुमार प्रेसिडेंट सिक्सथ सेंस एवं डॉक्टर पिंटू पुष्कर के मुख्य अतिथि में हुआ।

### पेज 1 का शेष

**शहर के प्रमुख चौक...**

रैली का समापन वापस एसडीओपी कार्यालय में किया गया। पूरे जनवरी भर चलेगा अभियान-गौरतलब है कि, जशपुर पुलिस द्वारा 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इस दौरान जिलेभर में जागरूकता रैलियां, कार्यक्रम और सख्त वैधानिक कार्रवाई के जरिए लोगों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया जाएगा। रैली में पुलिस व प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ बड़ी संख्या में नागरिक भी शामिल हुए और हेलमेट व ट्रैफिक नियमों के पालन का संदेश दिया।

**यातायात अनुशासन ...**

मामले में 173 से बढ़कर 941 प्रकरण, 4.74 लाख रुपए जुर्माना, बिना हेलमेट 281 से बढ़कर 1644 प्रकरण, 7.58 लाख रुपए जुर्माना, ओवर स्पीड के मामले में 79 प्रकरण में 1.08 लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया है। ओवर लोड के 12 प्रकरण में 2.13 लाख रुपए का जुर्माना, नो पार्किंग में 635 प्रकरण, 1.90 लाख रुपए, अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन में 17,160 प्रकरण में 32.70 लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया है। इन सभी को मिलाकर वर्ष 2025 में 20,150 प्रकरणों में कुल 77 लाख 86 हजार 900 रुपए का जुर्माना वसूला गया, जबकि 2024 में यह आंकड़ा 8,855 प्रकरण और 6.59 लाख रुपए था।

**कहां है सरकार ...**

जहां इलाज तो दूर, मौत के बाद पोस्टमार्टम के लिए भी 60 किलोमीटर भटकना पड़े। मिंज ने आगे आरोप लगाया कि, जिले के प्रभारी मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री केवल कागजों पर विकास देख रहे हैं, जबकि धरातल पर गरीब जनता डॉक्टरों और बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है।इस घटना ने एक बार फिर जशपुर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं के खोखलेपन को उजागर कर दिया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि, यदि कोतबा जैसे महत्वपूर्ण केंद्र में एक डॉक्टर की व्यवस्था नहीं हो सकती, तो ग्रामीण इलाकों की स्थिति का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। कोतबा पीएचसी में डॉक्टर की नियुक्ति के लिए राज्य शासन को पत्राचार किया गया है। जल्द ही वहां एमबीबीएस डॉक्टर की पदस्थापना की जाएगी। वर्तमान में पोस्टमार्टम के लिए बागबहार पीएचसी को निर्देशित किया गया है। यदि कोई समस्या आती है, तो परिजन सीधे बीएमओ पत्थलगांव से संपर्क कर सकते हैं। - डॉ जीएस जतरा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी

## निकायों में नहीं हो पाई एल्डरमैन की नियुक्तियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

निकाय चुनाव को लगभग साल भर होने जा रहे है, लेकिन अब तक एल्डरमेन की नियुक्ति नहीं की गई है। पुसौर नगर पंचायत में भी अब तक एल्डरमेन की नियुक्ति नही हो पाई है। हालात यह है कि उम्मीद लगाए बैठे भाजपा के नेताओं में निराशा झलकने लगी है। वहीं पूर्व प्रदेश सरकारों ने चुनाव के बाद विभागों के संचालन के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्ति करते थे जो आज लगभग 2 साल के बाद भी विधायक प्रतिनिधि नियुक्त नहीं किया जा सका है। इसी कड़ी में सांसद के भी प्रतिनिधि नियुक्त होते थे जो अब तक नहीं हो पाए हैं। निगमों के अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी गई है, लेकिन उसके कार्यकारिणी सदस्यों का भी चयन नहीं किया गया है।




### नहीं हो पा रहा लोगों का काम

जानकारी के मुताबिक प्रतिनिधि के जरिए कोई भी सरकारी काम आसानी से होता है। चूंकि विभागों के प्रत्येक काम को क्षेत्रीय विधायक से संपर्क करना आसान नहीं होता है इसलिए संबंधित लोगों का काम रूक जाता है। पूर्व भाजपा शासन में आकाश गुप्ता जनपद के लिए प्रतिनिधि रहे, इसी तरह थाना, उज्ज्वला गैस, तहसील, हास्पीटल सहित सभी विभागों के अलग अलग प्रतिनिधि रहे। इसी तरह कांग्रेस शासन काल में भी रहा।

## सतनामी समाज शांति का प्रतीक, पर अन्याय के विरुद्ध संघर्ष से नहीं हटेगा: मनीष



■ रानीगढ़ छुईहा में चार दिवसीय बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह का समापन

**बिलाईगढ़।** ब्लॉक मुख्यालय बिलाईगढ़ के समीपस्थ ग्राम रानीगढ़ छुईहा में आयोजित चार दिवसीय बाबा गुरु घासीदास की जयंती समारोह का समापन रविवार को श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक चेतना के साथ हुआ। अंतिम दिवस रात्रिकालीन सत्र में भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ के प्रदेश सचिव मनीष चेलक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि चेलक ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि सतनामी समाज शांति, सत्य और मानवता का प्रतीक है, किंतु जब समाज पर अन्याय और अत्याचार थोपा जाता है, तब यह समाज संघर्ष करने से कभी पीछे नहीं हटता। उन्होंने कहा कि सतनामी समाज बाबा गुरु घासीदास के शांति के मार्ग पर चलता है, वहीं आवश्यकता पड़ने पर राजा गुरु बालक दास जी के क्रांतिकारी विचारों से प्रेरणा लेकर अन्याय के विरुद्ध डटकर खड़ा होता है। उन्होंने आगे कहा कि सतनामी समाज भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा प्रदत्त संविधान को अपना मार्गदर्शक मानते हुए समानता, न्याय और बंधुत्व के मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करता आया है। उन्होंने समाज के युवाओं से शिक्षा को प्राथमिकता देने, संगठन को मजबूत करने और संवैधानिक चेतना को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बिरेंद्र कमल जिला अध्यक्ष, सारंगढ़ बिलाईगढ़, भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़, राजकुमार कमल युवा नेता, बिलाईगढ़ गणेश बंजारे अधिवक्ता, बिलाईगढ़, राजकुमार जांगड़े पत्रकार बिलाईगढ़ सहित अनेक गणमान्य नागरिक मंचासीन रहे।

कार्यक्रम में गांव के पंचगण, वरिष्ठजन, युवा, मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। चार दिवसीय यह आयोजन सामाजिक चेतना, संगठनात्मक एकता और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता का सशक्त संदेश देने वाला सिद्ध हुआ। समारोह का समापन बाबा गुरु घासीदास जी के विचारों को आत्मसात करने तथा समाज को संगठित और जागरूक बनाए रखने के संकल्प के साथ किया गया।

## सद्कर्म करने वाले मृत्यु के बाद भी अमर रहते हैं: बाबा प्रियदर्शी

**रायगढ़।** पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम गौरीशंकर मंदिर के पुजारी स्व. जय राम शर्मा की धर्मपत्नी रामकली देवी के निधन पर शोक व्यक्त करने उनके निवास स्थान पहुंचे। बेटे महेश शर्मा सहित परिवार जनों को ढांढस बंधाते हुए बाबा प्रियदर्शी राम ने कहा सभी ईश्वरीय विधान से बंधे हुए है।

संसार में आने वाले व्यक्ति की मृत्यु भी निश्चित है। गौरीशंकर मंदिर के पुजारी के रूप में जयराम महाराज द्वारा की गई निरन्तर सेवाओं का स्मरण करते हुए पूज्य बाबा जी ने कहा सद्कर्म करने वाले व्यक्तियों को समाज मृत्यु के बाद भी स्मरण करता है। इसलिए जीवन जीने के दौरान मनुष्य को सदा ऐसे कर्म करना चाहिए जिसका समाज को लाभ मिले। समाज के लिए जीने वाले लोगों का नाम सदा अमर रहता है। बहुत से दौलत मंद लोगों की मृत्यु के बाद ही संसार में लोग उन्हें भूल जाते है लेकिन नाम कमाने वाले व्यक्तियों की मृत्यु के बाद भी उनका नाम सदा अमर रहता है। नाम की कमाई सदा जीवित रहती है। पूज्य बाबा ने रामकली देवी की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करते हुए ईश्वर से परिजनों को इस अपार दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। इस दौरान उनके पुत्र महेश शर्मा स्व. दिनेश शर्मा स्व. ज्ञानी शर्मा के परिजन भी मौजूद रहे।

## दूरस्थ आदिवासी अंचलों तक स्वास्थ्य सुविधा की नई राह

# पीएम-जनमन के तहत बगीचा को मिली मोबाइल मेडिकल यूनिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर




**मुख्यमंत्री की पहल से सुदूर गांवों तक पहुंचेगी नियमित चिकित्सकीय सेवा**

प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान “पीएम-जनमन” के अंतर्गत जशपुर जिले के विकासखंड बगीचा को एक अत्याधुनिक मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहन प्राप्त हुआ है।

यह वाहन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा नवा रायपुर में प्रदेश भर के लिए रवाना की गई 57 मोबाइल मेडिकल यूनिटों के काफिले का हिस्सा है, जिनका उद्देश्य दूरस्थ एवं घने वनांचलों में रहने वाले विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि, पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में रहने वाले परिवारों को अब इलाज और जांच के लिए दूर अस्पतालों तक भटकना नहीं पड़ेगा। मोबाइल मेडिकल यूनिटें अब सीधे गांवों और बसाहटों तक पहुंचकर सेवाएं देंगी। इस योजना के तहत प्रदेश के 18 जिलों के 2 हजार 100 से अधिक गांवों व बसाहटों तक नियमित स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जाएंगी, जिससे दो लाख से अधिक पीवीटीजी आबादी को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। जशपुर जिले के बगीचा जैसे दूरस्थ विकास खंडों के लिए यह सुविधा किसी वरदान से कम नहीं मानी जा रही है। बगीचा को प्राप्त एमएमयू वाहन में डॉक्टर, नर्स, लैब तकनीशियन, फार्मासिस्ट एवं स्थानीय स्वास्थ्य स्वयंसेवक तैनात रहेंगे। इस मोबाइल यूनिट में 25 प्रकार की जांच सुविधाएं एवं 106 प्रकार की दवाइयां निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। गांवों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे तथा गंभीर मरीजों को आवश्यकता अनुसार नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में रेफर किया जाएगा। इससे टीबी, मलेरिया, एनीमिया, कुपोषण जैसी बीमारियों की समय पर पहचान एवं रोकथाम में मदद मिलेगी। यह योजना आदिवासी समुदायों की सर्वांगीण भागीदारी और स्वास्थ्य सुरक्षा का ठोस आधार बनेगी। जशपुर जिले के बगीचा विकासखंड में इस एमएमयू वाहन के शुरू होने से अब सुदूर वनांचलों में रहने वाले परिवारों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए मुख्यालय नहीं आना पड़ेगा और इलाज सीधे उनके द्वार तक पहुंचेगा।

